तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

04 दिव्यांग बच्चों को संवैधानिक प्रतिबद्धता के तहत समान अवसर मिलना अनिवार्य



04 कृषि विभाग के समन्वित प्रयास से किसानों के समृद्धि के द्वार खुले



## खबर संक्षेप

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग लड़की के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बदनाम करने के मामले में रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के नाम से फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम सोशल मीडिया अकाउंट से उनके बयान व अन्य दस्तावेजों को अपलोड कर उसे तथा उसके परिवार के सम्मान को ठेस पहुंचाने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कृत्य किया जा रहा है। रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 72 बीएनएस, 66 सी, 66 ई आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कृषि उपज मंडी के पास हथियार लहराकर लोगों को आतंकित करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी के सामने रोड में सुशील सोनी नाम का युवक हाथ में चाकू लेकर लोगों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसने पूछताछ में अपना नाम पता सुशील सोनी पिता राजू सोनी (30 वर्ष) श्रीराम कॉलोनी महासमुंद होना बताया। आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# समर्थन मूल्य में अब तक खरीदा जा चुका 1.44 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का 7वां दिन हैं। जिले के 130 समितियों के 182 उपार्जन केंद्रों में से 123 केंद्रों में आज दिनांक तक एक लाख 44 हजार 506.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिन केंद्रों मुं धान खरीदी की शुरुआत नहीं हुई है लगभग उन सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों से निर्बाध रूप से धान खरीदने की पूरी तैयारी की गई है।



### पारदर्शी प्रक्रिया पर किसानों ने जताया संतोष



प्राथमिक सहकारी समिति बेमचा में धान बेचने आए कृषक प्रहलाद चंद्राकर एवं देवेंद्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के हित में उठाए गए कदमों से हमें भरोसा मिल रहा है कि हमारा धान उचित मूल्य पर सुरक्षित तरीके से खरीदी जाएगा। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में व्यवस्था बेहतर और खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी है। वे बताते है कि बिना किसी परेशानी के उन्होंने धान का विक्रय किया।

### टोकन तुहर हाथ मोबाइल एप से आसानी से कट रहा है टोकन



ग्राम कौंदकेरा के किसान प्रह्लाद चंद्राकर ने कहा कि सरकार धान खरीदी में किसानों का पूरा ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी मोबाइल ऐप द्वारा घर में टोकन काटा गया। उन्होंने बताया कि आज 550 कट्टा धान बेमचा मंडी में लाया हूं। धान की तौलाई अच्छे से हो रही है। उन्होंने कहा कि बारदाना भी आसानी से मिल रहा है। हम सरकार की व्यवस्था से खुश है। इसी तरह किसान देवेंद्र साहू ने भी बताया कि उनका 25 एकड़ खेत है और आज लगभग 60 क्विंटल धान बेचने आए है। बेमचा सहकारी समिति में अब तक 34 किसानों का टोकन काटा गया है। यहां 5 पंचायत के 12 गांव के किसान धान बेचने आते हैं।

## समस्या : अब तक समर्थन मूल्य पर किसानों द्वारा बेचे गए धान का नहीं मिला भुगतान

# सप्ताहभर से हुई खरीदी का भुगतान अब तक नहीं, मंगलवार से ही होगी ऋण वसूली भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सप्ताह भर से जारी है, लेकिन किसानों को भुगतान नही मिलने के कारण जिले में लिंकिंग के माध्यम से ऋण वसूली अब तक शुरु नहीं हुई है। दरअसल, किसानों को भुगतान प्रारंभ होने के बाद ही लिंकिंग के माध्यम से ऋण की वसूली भी शुरु हो पाएगी। नोडल अफसर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का भुगतान मंगलवार को प्रारंभ होगा। भुगतान जारी नही होने के कारण अब तक लिंकिंग के माध्यम से कर्ज की वसूली की भी शुरुआत नही हो पाई है। जिले में धान खरीदी व्यवस्था के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार, खरीदी की प्रक्रिया जारी है, लेकिन किसानों के बैंक खातों में राशि का हस्तांतरण मंगलवार से हो पाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के शुरुआती दिनों में ही भुगतान में विलंब होना किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। धान की कटाई और मिसाई के बाद किसानों को तत्काल पैसों की जरूरत होती है, वहीं फसल ऋण लेने वाले किसानों की ऋण अदायगी भी शुरु नही हो पाई है।





### किसानों की आंखें अब मंगलवार पर टिकी

जिले के लगभग हजारों किसानों की आंखें अब मंगलवार पर टिकी हैं। मंगलवार को भुगतान शुरु होने के साथ ही इस गति को बनाए रखना भी आवश्यक है। चूंकि, ऋण अदायगी भी आवश्यक है इसलिए किसान भी चाहते हैं कि तत्काल भुगतान और ऋण का चुकारा हो। खाते में रकम पहुंचते ही किसान जिले के सहकारी बैंकों में पहुंचेगे। इस दौरान नगद निकासी में तेजी के चलते कैश मैनेजमेंट की भी आवश्कयता होगी।

### करोड़ों रुपए की राशि अब तक अटकी

यह स्पष्ट है कि खरीदी शुरू होते ही किसानों की बड़ी संख्या उपार्जन केंद्रों पर पहुंच रही है। 1 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी का मतलब है कि किसानों के करोड़ों रुपये की राशि अब तक अटकी हुई है। पूर्व में हुए सहकारी समिति कर्मचारियों की लंबी हड़ताल के कारण खरीदी के शुरुआती कागजी कार्य और डेटा एंट्री में देरी हुई है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झलप में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में पटेवा थाना में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पटेवा पुलिस को प्रार्थी राम प्रसाद पटेल ग्राम सरेकेल ने बताया कि 15 नवंबर की शाम करीबन 4 बजे उसका बड़ा भाई रघुनाथ पटेल अपनी मोटर सायकल से झलप बाजार गया था, इस दौरान जब वह झलप में मेघनाथ यादव की मुर्गी दुकान के सामने खड़ा था, तभी कि चंद्रशेखर बघेल पिता लक्ष्मण बघेल ग्राम सरेकेल ने अपनी मोटर सायकल को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए आकर उसके बड़े भाई रघुनाथ पटेल का एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में रघुनाथ के बाएं पैर, सीना, दाहिना कंधे में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू, पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी, धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विधकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्ते लागू*

1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)

नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव में सड़क किनारे खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस को कृष्ण धीवर ने बताया कि 18 नवंबर को वह अपनी मोटर साइकिल होंडा ड्रीम युगा सीजी04एमएक्स7968 में मनोहर पटेल के साथ मटासी खार के अपने खेत में गया था और बाइक को एनएच 53 रोड किनारे खड़ी किया था। वापस आने पर बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### किसान के साथ मारपीट गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बिछिया के किसान के साथ गाली गलौज करने वाले आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी खगेश्वर चौहान निवासी बिछिया ने बताया कि 20 नवंबर की शाम को लगभग 7 से 7:30 बजे के मध्य गांव में सीताराम चौहान की जमीन संबंधी बात को लेकर मीटिंग हुई थी। मीटिंग समाप्त होने के पश्चात सीताराम चौहान उसे छोड़ने के लिए घर आ रहा था। उसी दौरान गनपत चौहान ने उससे कहा कि तुम्हारा लड़का कुष्टोलाल काम करने बाहर जाने पूर्व उससे पैसा लिया है, तब प्रार्थी ने कहा कि तुम 1000 के बदले 2000 रुपए लिए हो। इस पर आरोपी गनपत चौहान धक्का मारकर गीरा दिया, जब उसके लड़के भागीरथी एवं रामकुमार बचाने आये तो दयाराम चौहान एवं गनपत के द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## आयोजन : पिथौरा में पीपीएल 2025 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

# खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गाया राज्यगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित पीपीएल 2025 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर पिथौरा के स्थानीय प्रेस क्लब के सदस्य खिलाड़ियों से परिचय लेकर राज्य गीत में शामिल हुए। कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य ताराचंद पटेल, कवियित्री एवं वरिष्ठ पत्रकार शिखा दास तथा युवा पत्रकार ललित मुखर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में स्वयं की ओजस्वी कविताओं के लिए जानी जाने वाली कवियित्री शिखा दास ने उत्साहजनक पंक्तियों के माध्यम से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हारना सबसे बड़ी विफलता नहीं, कोशिश न करना असली विफलता है। जीत ही जीवन नहीं है, बार-बार पराजित होकर भी हौसले से उठने में ही असली मज़ा है। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में हर व्यक्ति अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाए और उच्चतम आकांक्षाओं के साथ शिखर को छूने का प्रयास करें। उन्होंने ओजपूर्ण पंक्तियों से खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, 'जो थककर भी ना रुके वही बाज़ीगर होता है, जो झुके नहीं मुश्किलों में वही सिकंदर होता है।

ताराचंद पटेल ने खिलाड़ियों और आयोजक टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हार-जीत स्वाभाविक है। हार का अर्थ कमजोरी नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि प्रतिद्वंदी टीम तात्कालिक रूप से बेहतर फॉर्म में है। सदस्य ललित मुखर्जी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही जिला, संभाग और प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। अंत में अध्यक्ष रजिंदर खनूजा ने प्रमुख आयोजकों आकाश अग्रवाल, रमेश सिन्हा, सुरेश ठाकुर, पार्षद कौशल मानिकपुरी, प्रेमरंजन भीमा रौतिया, अविनाश पटेल तथा पूरी आयोजन टीम के सफल आयोजन सराहा। ज्ञात हो कि आईपीएल की तर्ज पर पिथौरा में पीपीएल नाम से सबसे पहले ऐसी प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी। आयोजक सदस्य सुरेश सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में कुल 120 खिलाड़ी शामिल हुए हैं, जिन्हें 8 टीमों में विभाजित किया गया है। प्रतिदिन दो मैच खेले जा रहे हैं तथा टूर्नामेंट 16 नवंबर से 23 नवंबर तक चलेगा। पीपीएल के आगाज के साथ पिथौरा में खेलों के प्रति उत्साह नई ऊंचाइयों को छूता दिखाई दे रहा है।

## राष्ट्रीय एकता शिविर गुजरात के लिए पॉलीटेक्निक के मधु ठाकुर का चयन






**महासमुंद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए रासेयो पॉलीटेक्निक की स्वयंसेविका मधु ठाकुर इलेक्ट्रिकल ब्रांच का चयन किया गया है, जिससे पूरे संस्थान में हर्ष और गौरव का माहौल है। यह शिविर 22 से 28 नवंबर 2025 तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर, आणंद (गुजरात) में आयोजित होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न राज्यों के युवा प्रतिनिधि भाग लेते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। संस्था के प्राचार्य ने मधु ठाकुर को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि मधु ठाकुर का चयन न केवल हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य छात्रों को भी राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।

# राजस्व विभाग की कार्रवाई, बसना अंतर्गत 545 कट्टा अवैध धान जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर संबंधित अधिकारियों को विशेष निगरानी एवं कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में एसडीएम हरिशंकर पैकरा एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बसना तहसील अंतर्गत ग्राम सलखंड एवं टांगपसा उपार्जन केंद्र में अवैध धान तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई की। जिसमें टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कुल 545 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया है।कार्रवाई के दौरान ग्राम सलखंड में टीम ने दबिश देकर कुल 400 कट्टा धान को अपने कब्जे में लिया। वहीं उपार्जन केन्द्र टांगपसा में 145 कट्टा धान जब्त किया। जिसमें रबी फसल के धान का मिलावट पाया गया। जब्त किए गए धान की प्राथमिक जांच रिपोर्ट तैयार कर आगे की विधिक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

# कांग्रेसी टीम पहुंची भगतदेवरी केंद्र, सिर्फ 600 क्विंटल खरीदी मिलने पर भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शुक्रवार को किसान कांग्रेस के संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पांडेय तथा महासमुंद जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने पिथौरा ब्लॉक के विभिन्न केंद्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने पाया कि धान खरीदी के सातवें दिन उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था चरम पर है। भगतदेवरी केंद्र की हालत बदतर मिलीजहाँ एक भी पुराना बारदाना नहीं पहुँचा। किसान मजबूरी में नए बारदाने भर रहे हैं, जिससे प्रति क्विंटल 25-30 रुपए का सीधा नुकसान हो रहा है। तौल कांटा खराब, सिलाई मशीन नदारद, किसान खुद हाथ से तौल रहे हैं और सुई-धागा लेकर बोरे सी रहे हैं। सात दिन में महज 600 क्विंटल धान ही खरीदा जा सका।

दौरे पर पहुंचे दीपक पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड खरीदी का ढोल पीटा, लेकिन सात दिन बाद भी किसान धान लेकर सड़क पर खड़ा है। यह किसानों का अपमान है। अगर 48 घंटे में व्यवस्था नहीं सुधरी तो हम सड़क से कलेक्टर कार्यालय तक आंदोलन करेंगे। जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि पुराना बारदाना नहीं, मशीनें खराब, कर्मचारी गायब, यह सब जानबूझकर किया जा रहा है। किसान चुप नहीं बैठेगा। इस दौरान तुमगांव नगर पंचायत बलरामकांत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रवि कश्यप, सरपंच देवेंद्र पटेल, हेमंत कौशिक, भूषण नायक, केशव चौधरी, जगशू यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। किसानों ने एक स्वर में ऐलान किया, जब तक पूरी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी, धान नहीं बेचेंगे और केंद्र खाली नहीं होने देंगे।

# एड्स जागरुकता अभियान के तहत निकाली गई रैली, कैंपेन भी हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन, यूके बरिहा (रेड रिबन क्लब प्रभारी) एवं प्राची गुप्ता (कार्यक्रम अधिकारी) के मार्गदर्शन तथा पीतांबर बाघ के नेतृत्व में महाविद्यालय में रैली एवं डोर टू डोर कैंपेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने रैली एवं डोर टू डोर कैंपियन में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय से रवाना किया। जन जागरुकता रैली महाविद्यालय परिसर से स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली परिसर पहुंची। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक द्वारा रैली एवं डोर टू डोर कैंपेन में सम्मिलित सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को एड्स जागरुकता के संबंध में शपथ दिलाई गई। अपने उद्बोधन में एचआईवी एवं एड्स के बारे में सारगर्भित टिप्स दी गई। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय में एचआईवी/एड्स एड्स पर जागरुकता उन्मुखीकरण सेशन के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर कमलेश प्रधान (चिकित्सा अधिकारी), हेमचंद मांझी (आईसीटीसी काउंसलर), एमएलटी रेखा सिंह, ब्रह्म प्रकाश कर, भुवनेश्वर पटेल की टीम ने इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से निःशुल्क एचआईवी टेस्ट एवं ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भुवनेश्वर खंडहरे (बीएससी भाग 3) एवं द्वितीय स्थान सूरज कन्हेर (एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र) प्राप्त किया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रेड रिबन क्लब की ओर से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। संचालन पीतांबर बाघ ने किया।

# जोगनीपाली शिविर में 265 लोगों का पंजीयन यूडीआईडी कार्ड के लिए 135 फार्म संकलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिसूचित 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगता धारक व्यक्तियों का प्रमाणीकरण करने, पूर्व में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह के मार्गदर्शन में तथा जिला चिकित्सालय महासमुंद के मेडिकल बोर्ड के समन्वय से विकासखण्ड स्तर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में 20 नवंबर को विकासखंड सरायपाली के ग्राम पंचायत जोगनीपाली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 600 व्यक्ति सम्मिलित हुए। जिसमें 265 लोगों का पंजीयन, प्रमाणीकरण 99, नवीनीकरण 38, विभिन्न उपकरण चिन्हांकन 10 तथा यूडीआईडी कार्ड के लिए कुल 135 फार्म संकलन किया गया। इस दौरान लोकनाथ बारिक सभापति, समाज कल्याण, उद्धव नंद, मतस्य पालन समिति, जनपद पंचायत सरायपाली, अनिता चौधरी, जोगनीपाली, कुमारी भास्कर, सभापति स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत महासमुंद, ग्राम पंचायत जोगनीपाली सरपंच शिवकुमारी चौधरी, प्रकाश मेश्राम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरायपाली, जयलाल भोई समाज शिक्षा संगठन जनपद पंचायत सरायपाली एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। आगामी शिविर 24 नवंबर 2025 को विकासखण्ड बसना के ग्राम पंचायत गनेकेरा में आयोजित किया जाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गो ब्लू कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व बाल दिवस पर ग्राम पंचायत भोरिंग के सरस्वती शिशु मंदिर में यूनिसेफ एवं एमसीसीआर के संयुक्त तत्वाधान में गो ब्लू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रभावी कार्यक्रम का संचालन और शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो के वरिष्ठ स्वयं सेवक दिनेश कुमार साहू द्वारा किया गया, जिन्होंने समुदाय और बच्चों को बड़ी संख्या में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वयं सेवक दिनेश कुमार साहू ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि गो ब्लू केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों की आवाज़ को पूरे समाज तक पहुंचाने का माध्यम है।



यह हमें याद दिलाता है कि हर बच्चे के अधिकार अनंत हैं, और उनका भविष्य किसी सीमा या परिस्थिति से बंधकर नहीं रहना चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय भोरिंग की 8वीं की छात्रा लीमा साहू को 1 घंटे के लिए चाइल्ड सरपंच के पद का दायित्व सौंपा गया। आचार्य टकेश्वर साहू ने पालकों को शिक्षा, स्वास्थ व बच्चों के समुचित अधिकारों को व अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। ग्राम के सरपंच लीला लोकेश्वर साहू ने कहा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी करने के लिए ही जरूरी नहीं बल्कि एक अच्छा व्यक्ति एक अच्छा समाज सुधारक, एक अच्छा जिम्मेदार नेता, अभिनेता, उद्योगपति जैसे अवसरों के लिए भी शिक्षा का महत्व उतना ही है। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवक भूपेश कुमार साहू, जुगेश्वर साहू व डॉली साहू का सहयोग रहा।

### महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिघोंड़ा पुलिस ने महुआ शराब का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम गहनाखार से परसकोल जाने के मार्ग में एक व्यक्ति महुआ शराब का परिवहन कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी महादेव सिदार पिता भागीरथी सिदार (45 साल) निवासी परसकोल थाना सिंघोड़ा के कब्जे से कुल 6 लीटर, कीमत 1200 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश निर्वाचन की एसआईआर प्रक्रिया जारी है। महासमुंद जिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर ने ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए मतदाताओं के सहयोग करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। कोई भी मतदाता का नाम ना छूटे, इसके साथ ही नए मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इस कार्य के लिए मतदाताओं को सहयोग के लिए करने के लिए समस्त ब्लॉक अध्यक्षों के साथ संपूर्ण जिले में एसआईआर प्रक्रिया को निगरानी के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जिला कांग्रेस भवन में एक कंट्रोल रूम मतदाताओं के सहयोग के लिए बनाया गया है। जिसमें मतदाताओं के सहयोग के लिए टीम का निर्धारण किया गया है। संपूर्ण जिले में एसआईआर का सुचारू संचालन के लिए वरिष्ठ कांग्रेसजनों की टीम भी गठित की गई है। जिसमें पार्टी के समस्त प्रकोष्ठ एवं कांग्रेस जनों से सहयोग से एसआईआर प्रक्रिया में सहायता ली जा सकती है। जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसजनों को सहयोग के लिए एवं मार्गदर्शन के लिए इस कार्य में शामिल किया गया है। इस संदर्भ में लोकसभा प्रभारी तारणि चंद्राकर का भी आगमन महासमुंद के विभिन्न ब्लाकों बैठक खेलकर जानकारी दी जा रही है। उनके साथ अन्य विधानसभा का दौरा जिलाध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष द्वारा शहर महासमुंद की 46 बूथों के भी प्रभारी की नियुक्ति की गई। इसके लिए प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, एवं पार्षद व पार्षद प्रत्याशियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार की बागबाहरा शहर के लिए अगर अध्यक एवं पालिका अध्यक्ष को शहर कांग्रेस के साथ नियुक्त किया गया है। क्षेत्र के मतदाताओं के सहयोग के लिए कांग्रेसजनों से जिलाध्यक्ष द्वारा अपील की गई है, उसमें पालिका के पार्षद और प्रत्याशी शामिल रहेंगे।

एसआईआर प्रक्रिया के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसजनों की सूची विधायक द्वारकाधीश यादव, विधायक चतुरी नंद, पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, अमरजीत चावला, आलोक चंद्राकर, मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकार, महामंत्री संजय शर्मा, मनजीत सलूजा, मंदाकिनी साहू, इश्तियाक खैरानी, आत्माराम यादव, अनंत सिंह वर्मा, महेंद्र बाग, दुर्गा सागर, अमन चंद्राकर, शाहबाज रजवानी, गिरीश पटेल, गणेश शर्मा, समीम खान, प्रमोद चंद्राकर, कपिल साहू, अमृत पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम के प्रभारी नितेंद्र बैनर्जी, जफरुल्लाह खान, मोती जांगड़े, निर्मल जैन, कमलेश सोनकर, चंद्रेश साहू, कमल प्रजापति शामिल है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से जनता हो रही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक लगभग पौने दो लाख मरीजों का इलाज**

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का मुख्य लक्ष्य शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में नगर पालिका परिषद महासमुंद के विभिन्न वार्डों में नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामे की देखरेख में शिविरों का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक लगभग पौने दो लाख मरीजों का इलाज किया जा चुका है। इनमें से 50 हजार से अधिक नागरिकों के मुफ्त लैब टेस्ट कराए गए हैं तथा डेढ़ लाख से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन की टीम द्वारा मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और जांच की सुविधा दी जाती है। योजना के अंतर्गत 170 प्रकार की आवश्यक दवाइयां तथा 41 प्रकार की लैब जांच पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही नगर के सफाई मित्रों के लिए भी प्रति माह नियमित स्वास्थ्य जांच की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे उनके स्वास्थ्य संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल चिकित्सा दल शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर नागरिकों को उनके घर के पास ही उच्चतम स्वास्थ्य परामर्श, जांच और दवाइयों की सुविधा प्रदान कर रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //
रा.प्र.क. /ब-121/ वर्ष 2025-26
ग्राम :- बिन्द्रावन, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. नर्रा
तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका. गुवालिन पति संतोष कुमार जाति बिंझवार निवासी भलेसर जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके दादाजी श्री लालसिंह पिता भुखउ का मृत्यु दिनांक 15.06.1995 को ग्राम बिन्द्रावन तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका एवं उनके अन्य परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदिका द्वारा अपने दादाजी श्री लालसिंह पिता भुखउ की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार बिन्द्रावन अथवा रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) बिन्द्रावन को नहीं दे पाया, जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) ग्राम पंचायत बिन्द्रावन के द्वारा आवेदिका के दादाजी श्री लालसिंह पिता भुखउ का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदिका के द्वारा अपने दादाजी लालसिंह पिता भुखउ की मृत्यु दिनांक 15.06.1995 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनाँक 02.12.2025 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 02.12.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान

## खबर संक्षेप



### भाला फेंक स्पर्धा में राधिका को मिला पदक

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको की प्रतिभाशाली छात्रा राधिका पटेल ने सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के भाला फेंक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल की है। यह प्रतियोगिता एमवीपीजी के तत्वावधान में में 15 नवंबर को वन विभाग मैदान में आयोजित की गई थी, जिसमें महासमुंद परिक्षेत्र के 10 से अधिक महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राधिका पटेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है, जो 5 से 7 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या एचएल दीवान, तरूण कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, लता भोई सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, मनहरण ठाकुर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने हर्ष जताया है।



### रामधन मंदिर में रोज करते हैं साफ-सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के रामधन चंद्राकर वीर हनुमान मंदिर और आसपास जगह में रोज साफ सफाई करते है और लोगों से अनुरोध करते हैं कि हनुमान मंदिर के आसपास गंदगी नहीं फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखें।




### पीएमश्री स्कूल में ड्रोन ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

**बसना।** शंकराचार्य इंस्टीट्यूट की आईडीईए लैब द्वारा बसना के पीएमश्री गवर्नमेंट स्कूल और मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ड्रोन टेक्नोलोजी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्रों और टीचर्स को ड्रोन असेंबल करने और फ्लाई करने की ट्रेनिंग देने के साथ एयरोमॉडलिंग शो किया गया। ड्रोन और प्लेन को अपने सामने उड़ता देख स्टूडेंट्स रोमांचित हुए। शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर की भारत सरकार द्वारा स्थापित एआईसीटीई आइडिया लैब का उद्देश्य स्टूडेंट्स में ड्रोन रोबोटिक्स पेटेंट रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देना है। स्कूल के प्रिंसिपल क्षीरोद्र कुमार पुरोहित ने इस वर्कशॉप के आयोजन को स्टूडेंट्स और स्कूल टीचर्स के लिए काफी लाभदायक बताया और आगे भी ऐसे ही और वर्कशॉप को छात्रहित में कराते रहने की बात कही। लैब से ट्रेनर पंकज यादव जो कि भारत सरकार के सर्टिफाइड ड्रोन पायलट है ने बताया कि स्टूडेंट्स को ड्रोन के माध्यम से स्वरोजगार और व्यवसाय भी संभव है। कार्यक्रम के सफल संचालन में अजय भोई का विशेष सहयोग रहा।

### पाखी ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पाखी भट्ट ने देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में लॉन टेनिस की तीन श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक हासिल किये। पाखी भट्ट ने WII को सिंगल्स में 6-0 6-1, मिक्स डबल्स में महाराष्ट्र को 6-0 6-0 और महिला युगल में डब्ल्यूआईआई को 6-0 6-3 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया।

## निधन

### जैतन साहू

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह निवासी जैतन साहू (55) का देहांत 18 नवंबर मंगलवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कमला बाई साहू के पति व चुमेश्वर साहू के पिता, चेतन साहू के छोटे भाई थे।



# दिव्यांग बच्चों को संवैधानिक प्रतिबद्धता के तहत समान अवसर मिलना अनिवार्य

## महासमुंद विकासखंड में दिव्यांग बच्चों, साथियों, पालकों व एमएमसी सदस्यों के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद में दिव्यांग बच्चों, उनके साथियों, पालकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण सफलतापूर्वक हुआ। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत भारत शासन की महत्वाकांक्षी योजना समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बाधारहित एवं अनुकूल वातावरण तैयार कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। डीएमसी रेखराज शर्मा ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विद्यालय परिवेश में बिना किसी भेदभाव के शिक्षा उपलब्ध कराना है। शिक्षा हर बच्चे का मूल अधिकार है, इसलिए दिव्यांग बच्चों को संवैधानिक प्रतिबद्धता के तहत समान अवसर मिलना अनिवार्य है। समावेशी शिक्षा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों से व्यवहार के तरीके, चिन्हांकन चेकलिस्ट, दिव्यांगता के प्रकार, नई शिक्षा नीति, निशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 तथा शैक्षिक प्रशासक एवं पालकों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। सीईओ बीएस मण्डावी ने कहा कि पालकों तथा समाज को दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक भाव विकसित करना चाहिए। दिव्यांगता विकास में बाधा नहीं है, बल्कि ऐसे बच्चों में विशेष प्रतिभा होती है।

### दी गई विस्तृत जानकारी

मास्टर ट्रेनर बीआरपी अनीता निर्मलकर, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, केआर सोनवानी तथा लव कुमार निर्मलकर ने शासन द्वारा मान्यता प्राप्त 21 प्रकार की दिव्यांगता जैसे पूर्ण दृष्टिहीनता, अल्प दृष्टिबाधित, श्रवण एवं मूक बाधित, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, स्वलीनता, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, अस्थिबाधित, सिकल सेल, मानसिक बीमारी, बहु विकलांगता तथा अन्य श्रेणियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की और आवश्यकता आधारित सुविधाओं पर चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर शर्मा ने कहा कि अब समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सम्मान एवं स्वीकृति की भावना बढ़ रही है। विद्यालयों में उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना हमारी प्राथमिकता है।




### दिव्यांगता के कारण शिक्षा बाधित नहीं होनी चाहिए

एपीसी संजय ध्रुव ने कहा दिव्यांगता के कारण शिक्षा बाधित नहीं होनी चाहिए। सभी बच्चों को रुचि आधारित शिक्षा प्रदान करना और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने व्यक्त किया। प्रशिक्षण की सफलता में सीएसी पवन साहू, गणेश टंडन, ललित किशोर बया, टाकेश्वर साहू, आशीष साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, ए. चंद्रशेखर डोरा, लेखापाल रेणु चंद्राकर, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण सोनकुंवर, केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## योजना: नवाचारी योजनाओं से आर्थिक उन्नति की दिशा में कारगर पहल

# कृषि विभाग के समन्वित प्रयास से किसानों के समृद्धि के द्वार खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में कृषि विकास को गतिशील एवं लाभकारी बनाने के लिए उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। आधुनिक सिंचाई तकनीकों के विस्तार से लेकर किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं तक, जिले ने लक्ष्य प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सफल क्रियान्वयन ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के साथ जल संरक्षण, फसल उत्पादकता वृद्धि और किसानों की आर्थिक उन्नति की दिशा में विशेष योगदान दिया है।

जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। निर्धारित 151 हेक्टेयर सिंचाई लक्ष्य के विरुद्ध 84 कृषकों के खेतों में 149.66 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था स्थापित की गई। लक्ष्य के लगभग पूर्ण होने से किसानों को आधुनिक सिंचाई सुविधाओं का महत्वाकांक्षी लाभ मिला है। वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विभाग ने कुल 264 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली विस्तार का लक्ष्य रखा है, जिसमें 235 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई तथा 29 हेक्टेयर क्षेत्र में स्प्रिंकलर सिंचाई स्थापित की जाएगी। इस योजना से जल संरक्षण, फसलों की उत्पादकता वृद्धि और कृषि लागत में कमी की दिशा में प्रगति होगी।



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले में 1,26,234 किसानों को योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है और पात्र किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत जिले में 25.25 करोड़ रुपए की राशि किसानों को उनके खाते में प्राप्त हुई है। जिले में 1,39,063 किसानों का लैंड सीडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार 1,37,835 किसानों की आधार सीडिंग तथा 1,40,733 किसानों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। जिले में 1,461 पात्र पीवीटीजी हितग्राही इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं।

इसी तरह राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 1,920 हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेट्स रागी फसल प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 1,320 हेक्टेयर में मक्का, 260 हेक्टेयर में उड़द एवं मूंग, 50 हेक्टेयर में मूंगफली तथा 20-20 हेक्टेयर में सूरजमुखी एवं तिल फसल प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 250 हेक्टेयर क्षेत्र में शैलो ट्यूबवेल सब्सिडी प्रदान करने का लक्ष्य भी रखा गया है।

# किशनपुर उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति किशनपुर में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष विजय पटेल, सरपंच रविकांति संजय बरिहा, ग्राम पटेल गौरव प्रधान, पूर्व सरपंच आनंद खुटे, नोडल एलडी रायकवार, कमल सिदार एवं केंद्र प्रभारी पुनीत सिन्हा सहित किसानों की उपस्थिति में फीता काटकर तथा भारत माता के चित्र पर पूजा-अर्चना कर खरीदी प्रक्रिया शुरू की गई।

अध्यक्ष विजय पटेल ने बताया कि धान खरीदी प्रारंभ होने से किसानों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बनाए गए सभी प्रबंधों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो। केंद्र प्रभारी पुनीत सिन्हा ने बताया कि खरीदी के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के निर्देशों का पालन करते हुए संपूर्ण पारदर्शिता के साथ किसानों से धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों को धान विक्रय में कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शुभारंभ अवसर पर समिति के अनेक सदस्य एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थित किसानों में तरुण प्रधान, गजानंद बेहरा, नारायण बेहरा, संजय बरिहा, रामलाल भारद्वाज, रामावतार सिन्हा, राजकुमार बरिहा, दिलकुमार मिर्धा, हरि पटेल, नंदकुमार बारिक, लिंगराज प्रधान, वेलेंगिरी, महेश यादव, रूपानंद प्रधान, देवनारायण प्रधान, थाबिर साहू, हराधन साहू, योगेश कुमार साहू, बृजेश सिन्हा सहित अनेक किसान शामिल थे।

## नपाध्यक्ष साहू ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका कार्यालय में आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर समाधान के लिए आश्वस्त किया। विभिन्न वार्ड के नागरिक पालिका दफ्तर पहुंचकर अध्यक्ष साहू को मूलभूत आवश्यकताओं तथा विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। अनेक लोगों ने राशन कार्ड से नाम कटने, एसआईआर कार्य में आ रही समस्याएं तथा बुजुर्गों ने पेंशन प्रदान करने सहित अनेक मांग रखी। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी की समस्याएं व मांगों को ध्यान पूर्वक सुना तथा संबंधित विभाग प्रभारी, अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फरियादी व पालिका कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### 200 यूनिट तक हाफ के नाम पर जनता को छल रही हैं साय सरकार: राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला राकेश झाबक सवाल ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आरोप लगाते हुए कहा कि 200 यूनिट तक हाफ बिल जनता को गुमराह करने का षड़यंत्र है। सरकार ने 200 यूनिट तक हाफ बिल किया है, यह निर्णय जनता को राहत के नाम पर धोखा हैं। पहले की दर 400 यूनिट पर हाफ को बीजेपी सरकार ने कम कर 100 यूनिट कर दिया और फिर अपना षड़्यंत्रकरी नीतियों के तहत 200 यूनिट तक हाफ कर दिया। बीजेपी की यह नीति स्पष्ट करती हैं कि यह जनता विरोधी और जनता को गुमराह करने में हर पैंतरा आजमायेगी और धोखा देने के लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। आम आदमी पार्टी बिजली दर के खिलाफ इस आंदोलन को आगे भी जारी रखेगी और सरकार से मांग करती है कि छत्तीसगढ़ में भी 300 यूनिट बिजली फ्री होना चाहिए।

# गुरु तेग बहादुर की जीवनी पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

गुरु तेग बहादुर के जीवन और शिक्षा पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता 19 नवंबर 2025 को पीएमश्री सेजेस बागबाहरा में आयोजित की गई। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपने ज्ञान, रचनात्मकता और लेखन कौशल का प्रदर्शन किया।

गुरु तेग बहादुर (1621-1675) सिखों के नौवें गुरु थे। उन्हें 'हिंद की चादर' भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने धर्म और मानवता के लिए अपना बलिदान दिया था। वह एक महान आध्यात्मिक विद्वान, कवि और कुशल योद्धा थे,जिन्होंने औरंगजेब के अत्याचार के खिलाफ कश्मीरी पंडितों की रक्षा की थी। गुरु तेग बहादुर के शहीदी के बाद उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु तेग बहादुर का जन्म 1 अप्रैल, 1621 को अमृतसर में हुआ था। उनके बचपन का नाम 'त्यागमल' था। वे एक कुशल योद्धा थे जिन्होंने कई लड़ाइयों में भाग लिया, लेकिन उनका झुकाव ध्यान और आध्यात्मिकता की ओर था। उन्होंने 'गुरु ग्रंथ साहिब' में शामिल 115 शबद लिखे और 'नह निंदिआ नहिं उसतति जाकै लोभ मोह अभिमाना' जैसी शिक्षाएँ दीं, जो जीवन के सभी सुख-दुख और मान-अपमान को समान भाव से स्वीकार करने का संदेश देती हैं। जब पंडितों ने गुरु तेग बहादुर से मदद मांगी, तो गुरु ने उनकी रक्षा के लिए अपना बलिदान देने का निर्णय लिया। 'हिंद की चादर': गुरु तेग बहादुर को 'हिंद की चादर' कहा जाता है। क्योंकि, उन्होंने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया था। उनके बलिदान ने भारत के इतिहास को गहराई से प्रभावित किया और खालसा पंथ की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। बलिदान का संदेश उनका बलिदान गुरु गोबिंद सिंह के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके विचारों को 'खालसा पंथ' के रूप में आगे बढ़ाया। निबंध में गुरु तेग बहादुर के प्रेरक जीवन के महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें उनके योगदान, बलिदान और साहस, मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता का संदेश शामिल था। विद्यालय के प्राचार्य के साथ वरिष्ठ शिक्षिका मनप्रीत कौर, डॉक्टर राजकुमार टंडन, लखविंदर छाबड़ा आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय योगदान दिया।



# प्रथम दिवस 5 गांवों में बाल अधिकार एवं जागरुकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत 21 नवंबर को प्रथम दिवस शेर, बेमचा, लाफिनकला, बेलसोंडा, खैरा में बाल अधिकार एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में जिला संगठक रासेयो डॉ मालती तिवारी ने ग्राम पंचायत में जाकर किस प्रकार से कार्य को करना है उसकी विस्तृत जानकारी दी। अजय कुमार राजा ने हम इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, पोषक आहार, लैंगिक उत्पीड़न, मानसिक तनाव, सामाजिक उत्परिवर्तन विषयों पर अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। डॉ मालती तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी को रवाना किया। प्रथम दिवस शांत्रीबाई महाविद्यालय महासमुंद रासेयो इकाई गायत्री चंद्राकर द्वारा ग्राम पंचायत खैरा में सामाजिक सर्वेक्षण में से प्राप्त जानकारी से शाला त्यागी 25, बाल श्रमिक निरंक एवं विकलांग 25 बच्चों एवं आंगनबाड़ी में 11 गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त हुआ। श्याम बालाजी महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी निर्मल बंजारे एवं स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत बेमचा में शाला त्यागी बच्चे निरंक रहे, विकलांग की संख्या बच्चों सहित 42, गर्भवती महिला 04 प्राप्त हुआ। लाफिनकला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा के नेतृत्व में जागरुकता कार्य किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा सर्वे में 03 बाल श्रमिक प्राप्त हुआ, जिन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए अभिभावक से कहा गया। साथ ही गर्भवती माताओं की संख्या 05 प्राप्त हुए। ग्रामीणों के बीच जाकर स्वास्थ्य, स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत शेर में दीवारों पर नारा लेखन, प्राप्त आंकड़े 16 विकलांग एवं 06 गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त हुआ। चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम बेलसोंडा में 08 गर्भवती माताओं एवं 07 विकलांग बच्चों की जानकारी प्राप्त हुई। बच्चों को अधिकारों के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी जगह डॉ मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, प्रकाशमणि साहू द्वारा निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार, बाल अधिकार, बाल संरक्षण में आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल के माध्यम से जागरूक किया। शासकीय विद्यालय खैरा में गुड टच बेड टच, बाल अपराध, बाल शोषण विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। गांव में जागरुकता रैली, दीवारों पर नारा लेखन कर लोगों को बाल अधिकार के प्रति जागरूक किया। चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं डोर टू डोर सर्वे किया गया। जिसमें घर में स्वच्छता, शिक्षा, मुखिया का नाम, परिवार में शिक्षित अशिक्षित की जानकारी, टीकाकरण की जानकारी प्राप्त किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा 5 ग्राम पंचायतों में लगभग आंगनबाड़ी एवं स्कूलों के बच्चों सहित लगभग 2570 लोगों को जागरूक किया गया।



